कोट ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

ग्रामीण बोले- कीचड़, बिजली और पानी की समस्या, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

थाना गढ़ी बाजना क्षेत्र की नवगठित कोट ग्राम पंचायत के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। परउआ से अलग होकर बनी इस पंचायत के चारों गांवों में कीचड़, जल निकासी, बिजली और जल स्त्रोतों की सफाई जैसी गंभीर समस्याएं हैं। ग्रामीणों ने आगामी पंचायती राज चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों विष्णु मावई, सत्येंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, बेताल सिंह, धारा पटेल, सागर पटेल, मानवेन्द्र सिंह, सौरभ और सुरेन्द्र तोगर सहित कई लोगों ने बताया कि पंचायत के चारों गांवों में कीचड़ एक बड़ी समस्या है, खासकर बरसात के मौसम में यहां पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है और गांवों में खड़ंजे का भी अभाव है, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। स्थानीय बंटी पहलवान, बयाना, अशोक, मुकेश, लोकेश, संदीप, अतुल और ॠषि ने बताया कि उन्हें 24 घंटे में से केवल चार से पांच घंटे ही बिजली मिलती है, जबकि सरकारी दावों के अनुसार 20 से 22 घंटे बिजली मिलनी चाहिए। इसके साथ ही गांव के जल स्त्रोतों की सफाई पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासक, विधायक, प्रधान और सांसद जैसे सभी जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद गांव की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं देते। ग्रामीणों ने सरकार से जल्द से जल्द उनकी समस्याओं पर ध्यान देने और सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो युवा मंडल और समस्त ग्रामवासी आगामी पंचायती राज चुनावों का बहिष्कार करेंगे। बहिष्कार करने वालों में कुलदीप, सोनू, आकाश, योगेश, मनोज, सुनील, कौशलेंद्र, अजीत, ओमकेस और रविन्द्र अंधना सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

योजनाओं का प्रचार कर ग्रामीणों को किया जागरुक

नदबई क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटारा में सोमवार को ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जागरुक किया। वहीं, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इससे पहले ग्राम पंचायत प्रशासक मिथलेश राजू फौजदार ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। एसडीएम सचिन यादव ने योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए पात्र व्यक्तियों को चिंह्नित कर लाभान्वित करने को कहा। बाद में शिविर में मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान तहसीलदार मदन सिंह, गिरदावर शैलेष मीणा, ग्राम विकास अधिकारी अविनाश जैन मौजूद सहित ब्लॉकस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नरेंद्र निर्मल को ब्रजभाषा गजल पुरस्कार

भरतपुर डीग स्थित हिंदी पुस्तकालय समिति के 100वें स्थापना दिवस पर अरुण सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धपीठ पीठाधीश्वर डॉ. कौशल किशोर ने की। मुख्य अतिथि अमृत लाल मीणा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांबले शरण गोपीनाथ और डॉ. लता श्रीमाली उपस्थित रहीं। आयोजन में देश के छह प्रांतों से आए साहित्यकारों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में भरतपुर के वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र %%निर्मल%% को पंडित बाल गोविंद शर्मा ब्रजभाषा गजल पुरस्कार 2026 प्रदान किया गया।

सप्लाई कमजोर होने से चना व गेहूं मजबूत, लिवाली घटने से सरसों व सीड नरम

जयपुर मंडी : प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के कारण आवक कमजोर होने के चलते सोमवार को जयपुर मंडी में गेहूं मिल डिलीवरी में 20 से 30 रुपए क्विंटल मजबूत हो गया। वहीं, सप्लाई कमजोर होने से चना मिल डिलीवरी 100 रुपए क्विंटल चढ़ गया। हालांकि, दाल-दलहन पड़े रहे। इसके विपरीत ऊंचे भावों पर लिवाली कमजोर होने से सरसों मिल डिलीवरी 50 रुपए क्विंटल नरम हो गई। सरसों कच्ची घाणी तेल पड़ा रहा। लेकिन, कांडला पोर्ट पर पाम ऑयल और सोया रिफाइंड तेल 50 रुपए क्विंटल टूट गया। इससे कोटा सोया रिफाइंड तेल के भाव 150 रुपए क्विंटल घटाकर बोले गए। उत्पादक इलाकों में बारिश के मद्देनजर लिवाली कमजो होने से ग्वार सीड 150 तथा ग्वारगम 400 रुपए क्विंटल सस्ता हो गया। सामान्य कारोबार से चीनी के भाव स्थिर रहे।

कहा- मोहल्ले में असमाजिक तत्व आते हैं; अकेली रहने वाली महिलाओं से लिया फीडबैक

भरतपुर आईजी डॉ. प्रीति चंद्रा सोमवार को महिलाओं से संवाद करने रसाला मोहल्ले पहुंचीं। महिलाओं ने बी-नारायण गेट स्थित शराब ठेके पर रातभर शराब बिकने और मोहल्ले में असामाजिक तत्वों के आने की शिकायत की। आईजी ने स्।ह्र और एडिशनल को कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही अकेली रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस और कालिका यूनिट को नियमित संपर्क में रहने के निर्देश दिए। संवाद के दौरान मानसिक रूप से बीमार एक महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत की। आईजी के निर्देश पर तुरंत पुलिस टीम को उसके साथ भेजा गया। आईजी प्रीति चंद्रा महिलाओं को सुरक्षा के बारे में बताते हुए। आईजी प्रीति चंद्रा महिलाओं को सुरक्षा के बारे में बताते हुए। महिलाओं ने शराब और असामाजिक तत्वों की शिकायत की आईजी प्रीति चंद्रा ने रसाला मोहल्ले में महिलाओं से उनकी सुरक्षा और समस्याओं को लेकर बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि बी-नारायण गेट स्थित शराब के ठेके पर रातभर शराब बिकती है। शराब पीकर लोग मोहल्ले में उत्पात भी मचाते हैं। महिलाओं ने मोहल्ले में असामाजिक तत्वों के आने की समस्या भी बताई। आईजी ने इस शिकायत पर स्।ह्र और एडिशनल को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से ज्यादा शराब की दुकानें खुली मिलने पर कार्रवाई की जाए। महिलाओं की अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर तुरंत अधिकारियों को दिए निर्देश।

खेल मंत्री राज्यवर्धन की पहल, प्रोत्साहन राशि के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर, मोबाइल पर मिलेगा अपडेट

बढ़ते कदम

जोधपुर। दक विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि और आउट ऑफ टर्न नियुक्ति प्रक्रिया होगी ऑनलाइन प्रदेश के नेशनल, इंटरनेशनल और राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को अब प्रोत्साहन राशि के लिए राज्य खेल परिषद के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह की पहल पर पुरस्कार राशि और खेल कोटे से आउट ऑफ टर्न नियुक्ति की प्रक्रिया को डिजिटल किया जा रहा है। नई व्यवस्था में खिलाड़ियों को हर 15 दिन में मोबाइल पर मैसेज के जरिए उनकी फाइल की स्थिति की जानकारी मिलेगी। यदि किसी दस्तावेज की कमी होगी तो उसकी सूचना भी ऑनलाइन भेजी जाएगी। नई व्यवस्था में ए से डी श्रेणी के सभी खेलों के पदक विजेताओं को पुरस्कार राशि संबंधी अपडेट नियमित रूप से मिलती रहेगी। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि खिलाड़ियों को पदक जीतने के बाद प्रोत्साहन राशि के लिए भटकना नहीं पड़े, इसलिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। डीओआईटी की टीम इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने में जुटी है, जिससे प्रदेश के सभी मेडलिस्ट खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। हर बुधवार होगी सुनवाई = खिलाड़ियों की समस्याओं के समाधान के लिए जयपुर स्थित एसएमएस स्टेडियम के राज्य खेल परिषद कार्यालय में हर बुधवार दोपहर 2.30 बजे सुनवाई होगी। डाइट भत्ता 300 रुपए रोजाना = राज्य खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों के डाइट भत्ते में भी बढ़ोतरी की है। सुबह से रात तक विभिन्न खेलों में अधिक कैलोरी खर्च होने को देखते हुए डाइट भत्ता 150 रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। 186 खिलाड़ियों को नौकरी दे चुके, 300 की फाइल और भेजी है = राज्यवर्धन युवा मामले, खेल एवं उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों और खिलाड़ियों के लिए नई नीतियों पर तेजी से काम कर रही है। खेल कोटे में आउट ऑफ टर्न नियुक्तियों से लेकर पुरस्कार वितरण, कोच भर्ती, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, स्कूली खिलाड़ियों की पहचान और खेल सुविधाओं के विस्तार तक कई बड़े फैसले प्रक्रिया में हैं। वे से विशेष बातचीत कर रहे थे। खेल मंत्री राठौड़ ने कहा कि पिछली सरकार ने पांच साल में 248 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां दी थीं, जबकि हमारी सरकार ढाई साल में ही 186 खिलाड़ियों को नौकरी दे चुकी है। अब 300 और राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों की नियुक्ति के लिए फाइल मुख्यमंत्री को भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही नियुक्तियां दी जाएंगी। खेल पुरस्कारों को लेकर क्या तैयारी है? 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर पिछले छह वर्षों से लंबित राज्य के सर्वोच्च खेल सम्मान महाराणा प्रताप अवार्ड सहित सभी श्रेणियों के खेल पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। कोच भर्ती की व्यवस्था में क्या बदलाव किए हैं पहले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को ठेका एजेंसियों के माध्यम से संविदा पर कोच रखा जाता था। अब यह प्रक्रिया सीधे स्पोर्ट्स काउंसिल के माध्यम से होगी। नई भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। स्कूली स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करने की योजना फिजिकल फाइबर कार्यक्रम के तहत 10 से 12 वर्ष के बच्चों की लोअर बॉडी, अपर बॉडी, कद, गति और फुर्ती जैसे मापदंडों के आधार पर प्रतिभा पहचान की जाएगी। विशेष रूप से बास्केटबॉल जैसे खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा।

जो इंसान है ही नहीं उसका बना दिया आधार

बढ़ते कदम

जोधपुर। राजस्थान में 2 भाई हरिकिशन और टीकूराम बेनीवाल फर्जी आधार कार्ड का रैकेट चला रहे हैं। जोधपुर-फलोदी में ई-मित्र पर चोरी के सॉफ्टवेयर(श्वष्टस्क्च) से फर्जी आधार कार्ड बना रहे हैं। इन सॉफ्टवेयर पर काम करने के लिए इनके पास असली ऑपरेटर के फिंगर प्रिंट वाला रबर का अंगूठा भी है। वृद्धावस्था पेंशन के लिए मिनटों में 44 साल की महिला की उम्र 55 कर दी जाती है। जो इंसान है ही नहीं, उसके फर्जी डॉक्यूमेंट बनाकर लोन पर कार खरीद लेते हैं। फिर लोन माफी के लिए फर्जी डेथ सर्टिफिकेट तैयार कर देते हैं। ने 1 महीने तक ग्राहक बनकर अलग-अलग ई-मित्र पर पड़ताल की तो ये सच सामने आया। पढ़िए पूरी रिपोर्टज् असली ऑपरेटर के फिंगर प्रिंट वाला रबर का अंगूठा लगाकर सॉफ्टवेयर अपडेट करते हुए। असली ऑपरेटर के फिंगर प्रिंट वाला रबर का अंगूठा लगाकर सॉफ्टवेयर अपडेट करते हुए। पड़ताल 1 = कैमरे पर नकली अंगूठे से फर्जीवाड़े के सबूत रिपोर्टर ग्राहक बनकर ओसियां में तहसील कार्यालय के पास जम्मेश्वर कम्प्यूटर्स दुकान पर पहुंचा। दुकान मालिक श्याम विश्नोई से कहा कि आधार में फिंगर प्रिंट अपडेट कराने हैं। उसने कहा- 200 रुपए लगेंगे। पहले रिपोर्टर के प्रिंटर प्रिंट और रेटिना स्कैन किया, फिर फोटो लिया। फिंगर प्रिंट अपडेट के लिए स्टाफ ने रबर का फिंगर प्रिंट लिया और लॉग इन किया। कुछ मिनट बाद ही रिपोर्टर के फिंगर प्रिंट अपडेट हो गए। सरकारी रेट 50 रुपए थी, लेकिन रिपोर्टर से दुकान मालिक ने 200 रुपए लिए। जम्मेश्वर कम्प्यूटर के सामने एसएस कम्प्यूटर पर भी इसी तरीके से दुकान मालिक सुरेश चौधरी ने रबर का अंगूठा बना रखा है। फिंगर प्रिंट अपडेट करने के लिए स्टाफ ने कम्प्यूटर के पास रखा रबर का फिंगर प्रिंट लिया और लॉग इन किया। फिंगर प्रिंट अपडेट करने के लिए स्टाफ ने कम्प्यूटर के पास रखा रबर का फिंगर प्रिंट लिया और लॉग इन किया। पड़ताल 2 = आधार में 4 साल उम्र बड़ाने के मांगे 2 हजार जोधपुर के ओसियां और भीकमकोर में कई ईमित्र संचालक 2 से 3 हजार रुपए लेकर आधार कार्ड में लोगों की उम्र बड़ा देते हैं। इतना ही नहीं इन ई-मित्र पर फर्जी बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट भी बन रहे हैं। रिपोर्टर ग्राहक बनकर भीकमकोर में स्थित बालाजी ईमित्र सेवा केंद्र पर गया। रिपोर्टर = मेरे पिताजी का आधार कार्ड है। सरकारी पेंशन शुरू करानी है। उम्र बड़वानी है। ईमित्र संचालक विकास = कितनी उम्र है आधार में और कितनी करवानी हैड़ रिपोर्टर =1971 है और 1968 करवानी है। विकास = डॉक्यूमेंट हैंड़ रिपोर्टर = नहीं है। विकास = 2 हजार रुपए लगेंगे। पिताजी को लेकर आ जाना। उनके फिंगर प्रिंट और आई स्केनिंग करनी होगी। किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं है। बालाजी ई-मित्र सेवा के ऑपरेटर ने रेट बताकर उम्र बड़ाने की गारंटी दी। बालाजी ई-मित्र सेवा के ऑपरेटर ने रेट बताकर उम्र बड़ाने की गारंटी दी। पड़ताल 3 = ई-मित्र संचालक बोला- 1500 रुपए में उम्र बड़ा देंगे ओसियां में जम्मेश्वर कम्प्यूटर पर ईमित्र संचालक जगदीश विश्नोई से बातचीतज् रिपोर्टर = आधार कार्ड में उम्र बड़वानी है। कितने लगेंगेड़ गदीश = चेक करना होगा, आपने पहले कितनी बार संशोधन करवाया है। तीन बार संशोधन करवाने के बाद दिक्कत आती है। रिपोर्टर = पहली बार ही करवा रहे हैं। जगदीश = डॉक्यूमेंट हैं क्या कुछड़ रिपोर्टर = नहीं है। ईमित्र = 1500 से 1600 रुपए लगेंगे। जम्मेश्वर कम्प्यूटर पर ईमित्र संचालक ने आधार में उम्र अपडेट कराने के 1500 से 1600 रुपए मांगे। जम्मेश्वर कम्प्यूटर पर ईमित्र संचालक ने आधार में उम्र अपडेट कराने के 1500 से 1600 रुपए मांगे। दो भाइयों ने खड़ा किया फर्जी आधार कार्ड बनाने का नेटवर्क ओसियां के खाबड़ा गांव के 2 भाइयों हरिकिशन और टीकूराम बेनीवाल ने फर्जी आधार कार्ड से लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का पूरा नेटवर्क बना रखा था। पहले सॉफ्टवेयर चुराया = महिला एवं बाल विकास (ङ्खष्टष्ठ) विभाग की तरफ से हर जिले में ब्लॉक वाइज आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए मशीनें बांटी गई। हरिकिशन पहले विभाग में आधार कार्ड ऑपरेटर था। इसी दौरान उसने सॉफ्टवेयर (श्वष्टस्क्च) और डेटा कॉपी चुरा लिया गया। किराए पर ली आईडी, ऑपरेटर के फिंगर प्रिंट वाला रबर का अंगूठा = आधार कार्ड का काम करने के लिए किसी ऑपरेटर की आईडी चाहिए होती है। इसके लिए 5 से 10 हजार रुपए महीने पर ऑपरेटर की आईडी किराए पर ली। आईडी यूजर नेम और पासवर्ड डालने के बाद ऑपरेटर के थम्ब (अंगूठा) इम्प्रेशन से ही सॉफ्टवेयर चालू होता है। इसके लिए नकली रबर का अंगूठा बनवाया, जिसपर ऑपरेटर के फिंगर प्रिंट होते। हरिकिशन = ई-मित्र सेंटर खोले रिकिशन ने पिछले साल कम्प्यूटर कोर्स कराने के नाम पर लोहावट, ओसियां और खाबड़ में ईमित्र सेंटर खोले। ओसियां के एसएस कम्प्यूटर में महिला एवं बाल विकास विभाग की मशीन 52105 से अगस्त से दिसम्बर 2025 तक कई फर्जी आधार कार्ड और जन्मप्रमाण पत्र बनाए। शिकायतें होने लगी तो जनवरी 2026 में मशीन 52105 से काम करना शुरू कर दिया। शिकायतें ज्यादा होने पर इस पर भी काम करना बंद कर दिया। टीकूराम = करता फर्जी साइन टीकूराम लोहावट जिला अस्पताल में संविदा पर था। अस्पताल के सामने ही कम्प्यूटर कोर्स कराने का एक सेंटर भी खोल रखा था। उसकी भूमिका जन्म प्रमाण बनाने के लिए डॉक्टर और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी साइन बनाने की थी। जितने भी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बने, उनमें लोहावट जिला अस्पताल के डॉक्टर के ही फर्जी ई सिग्नेचर थे। सबूत 1 = पेंशन के लिए बनाए एक दर्जन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के पास एक दर्जन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र की कॉपी है।

जयपुर-जोधपुर समेत 4 जिलों में बारिश, उदयपुर में सड़क पर भरे पानी में फंसी कार, माउंटआबू में झरने बहने लगे, कल 25 जिलों में अलर्ट

बढ़ते कदम

उदयपुर। बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन सिस्टम से राजस्थान में एक बार फिर मानसून एक्टिव हो गया है। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, सिरोही समेत कई जिलों में बरसात हुई। हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार 5 दिन से हो रही बारिश के बाद झरने बहने लगे। कोदरा डैम में 9 फीट पानी आया। जयपुर में शाम को छितराई बारिश हुई। इस दौरान परकोटा में ब्रह्मपुरी इलाके में सड़कों पर पानी भर गया। उदयपुर में डबोक एयरपोर्ट रोड इलाके में तेज बारिश हुई। ट्रांसपोर्ट नगर के सामने सर्विस रोड पर पानी भर गया, जिसमें कार फंस गई। उदयपुर के वल्लभनगर में रात करीब 8 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो करीब 1 घंटे तक जारी रहा। जोधपुर शहर में सुबह गर्मी और उमस के बाद दोपहर में मौसम बदला और तेज बरसात हुई। मौसम विभाग ने 28 जुलाई को 25 जिलों (जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, नागौर, अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, पाली, सिरोही, उदयपुर और राजसमंद) में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

भरतपुर में अलग-अलग इलाकों में बारिश का दौर शुरू

लोगों को मिली गर्मी से राहत, देर रात शुरू हुई बारिश लगातार जारी, सड़कों पर भरा पानी

बढ़ते कदम

भरतपुर। में मंगलवार को अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आज तेज बारिश की चेतावनी दी है। क्षेत्र में सुबह से ही घने बादल छाए हुए है। ठंडी हवाओं का दौर लगातार जारी है। सोमवार देर रात को भी बारिश हुई। जो मंगलवार तक जारी है। बारिश होने से सड़क पर पानी भर गया है। हलैना और उच्चैन में हल्की बूंदाबांदी मौसम विभाग ने पहले ही जिलेभर में बारिश की चेतावनी दी थी। जिसके बाद सुबह से ही बादल छा गए। घने बादल छाने के बाद बारिश शुरू हो गई। हलैना उच्चैन इलाकों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई है। किसान भी बारिश का इंतजार कर रहे थे। पिछले दिनों पड़ी गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया था। भरतपुर में अलग-अलग कई इलाकों में बारिश का दौर शुरू हुआ। भरतपुर में अलग-अलग कई इलाकों में बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश के बाद मौसम हुआ सुहावना पिछले कई दिनों से जिलेभर में गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया था।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
शाखा कार्यालय: सतराना (051910),
जिला: श्रीगंगानगर (राज.) ई-मेल: bo051910@pnb.co.in

कब्जे की सूचना [नियम 8(1)]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 13/05/2026 को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें ऋणी श्री मनीष नमित आचार्य पुत्र श्री गोपाल दास आचार्य से दिनांक 29.04.2026 तक बकाया राशि रु. 12,25,709.27 (अक्षरे: बारह लाख पच्चीस हजार सात सौ नौ रुपये और सत्ताईस पैसे मात्र) की राशि, उस पर आगे के ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित, सूचना की तिथि/उक्त सूचना प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर जमा करने की मांग की गई थी।

ऋणी द्वारा राशि का भुगतान न करने पर, ऋणी और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 23 जुलाई, 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेषतः एवं आम जनता को एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार पंजाब नैशनल बैंक को देय बकाया राशि रु. 12,25,709.27 (अक्षरे: बारह लाख पच्चीस हजार सात सौ नौ रुपये और सत्ताईस पैसे मात्र) दिनांक 29.04.2026 तक बकाया व आगे के ब्याज व अन्य खर्चो, लागतों के अधीन होगा।

ऋणियों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की उपधारा (8) एवं धारा 13 के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

आवासीय पट्टा नंबर 05, बही संख्या 67, ग्राम पंचायत 2 एमएलडी-ए, पंचायत समिति अनुपगढ़-वर्तमान पंचायत समिति घड़साना, तहसील: घड़साना, जिला: श्रीगंगानगर, राजस्थान, क्षेत्रफल (30'x45')= 1350 वर्गफुट। संपत्ति श्री मनीष नमित आचार्य पुत्र श्री गोपाल दास आचार्य के नाम है (अनुसूची बी के दस्तावेज संख्या 1 दिनांक 12.08.2024 के अंतर्गत कवर)। सीमाएं (दस्तावेजों के अनुसार):- पूर्व: श्री राजेश का आवासीय प्लॉट, पश्चिम: श्री उदा राम का आवासीय प्लॉट, उत्तर: श्रीमती परमेश्वरी का आवासीय प्लॉट, दक्षिण में: रोड।

दिनांक: 23.07.2026
स्थान: न्यू मंडी घड़साना (श्रीगंगानगर)
(कैलाश असवाल) प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
नवलगढ़ शाखा, पुलिस स्टेशन के सामने, जिला- झुंझुनू, राजस्थान-333042
ई-मेल: nawalg@bankofbaroda.bank.in फोन: 01594-222055 / 01594-225043

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

(परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के सपठित नियम 8(1) के अनुसार)

यतः (थहशीशरी) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002का संख्यांक 54) के अन्तर्गत एवं धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 24.03.2026 को जारी किया, जिसमें ऋणी :- मैसर्स श्री राम ऑयल एण्ड फ्लोर मिल्स को जारी किया, जिसमें ऋणी को नोटिस में उल्लेखित राशि रु. 28,72,213.20 (अक्षरे रू. अठ्ठाईस लाख बहत्तर हजार दो सौ तेरह एवं बीस पैसे मात्र) एवं उस पर ब्याज इस नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर, करने के लिये कहा गया था।

ऋणियों द्वारा राशि के पुर्नभुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूतहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8 के साथपठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद् द्वारा ऋणियों और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख कि गई सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा वर्ष 2026, माह जुलाई की तारीख 27 से प्राप्त कर लिया है। ऋणीयों को विशेष रूप से एवं आमजनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के बाबत कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति के बाबत किया गया कोई भी संव्यवहार राशि रु. 28,72,213.20 (अक्षरे अठ्ठाईस लाख बहत्तर हजार दो सौ तेरह एवं बीस पैसे मात्र) दिनांक 20.03.2026 से आगे का ब्याज बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अध्यधीन होगा। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों कि ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

अचल संपत्ति पट्टा संख्या 429, दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वार्ड संख्या 42, बावडी गेट, नवलगढ, तहसील नवलगढ, जिला झुंझुनूं, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल144 वर्गगज जो श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री सांवरमल सैनी के नाम पर है सीमाएँ: उत्तर: आवेदक/बंधककर्ता की भूमि, दक्षिण: चौक एवं रास्ता, पूर्व: आवेदक/बंधककर्ता की भूमि, पश्चिम: हॉस्पिस की भूमि।

दिनांक: 27.07.2026 स्थान: नवलगढ़
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
शाखा कार्यालय- चित्तौड़गढ़ सदर बाजार, किला रोड़ चित्तौड़गढ़
राजस्थान, ईमेल: bo3576@pnb.bank.in

सांकेतिक कब्जे की सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **पंजाब नैशनल बैंक** प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **ऋणी:- श्री अनिल कुमार झा पुत्र दिनेश्वर झा** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना दिनांकित **12.01.2026 (दिनांक 07.05.2026 को समाचार-पत्र में प्रकाशन के माध्यम से तामील की गई।)** में उल्लेखित रूपये **6,56,020.23** (रू. छः लाख छप्पन हजार बीस एवं तैबीस पैसे मात्र) दिनांक **31.12.2025** तक बकाया (दिनांक **31.12.2025** तक ब्याज शामिल) एवं दिनांक **31.12.2026** से आगे का ब्याज व आकस्मिक खर्चों, लागतों व बकाया शुल्क राशि को सूचना-पत्र की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी द्वारा राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणीयों को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 की नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का **सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 माह जुलाई वर्ष 2026** को ग्रहण कर लिया है।

प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **6,40,818.23** (रू. छः लाख चालिस हजार आठ सौ अठारह एवं तैबीस पैस मात्र) दिनांक **30.06.2026** तक बकाया (दिनांक **30.06.2026** तक ब्याज वसूल किया गया) एवं दिनांक **30.06.2026** से आगे का ब्याज, व दिनांक 31.12.2025 से आकस्मिक खर्चों, लागतों व शुल्क सहित बकाया राशि के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सदर बाजार, चित्तौड़गढ़, राजस्थान (357600)** के प्रभार के अध्ययीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

साम्यिक बंधक आवासीय मकान संपत्ति जो मकान नं. 7/33 एमआईजी ए, हाउसिंग बोर्ड चन्देरिया, चित्तौड़गढ़, राजस्थान में स्थित जिसका क्षेत्रफल 8*15 = 120 वर्गमीटर जो श्री अनिल कुमार झा पुत्र दिनेश्वर झा के नाम पर है सीमाएं- पूर्व: 30 फीट सडक्र, पश्चिम: मकान संख्या 7/2, उत्तर: मकान संख्या 7/34, दक्षिण: मकान संख्या 7/32
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 27.07.2026, स्थान: चित्तौड़गढ़ पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय: चित्तौड़गढ़ सदर बाजार (357600)

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
Together We Can
सलूंबर शाखा: कर्ण प्रयाग, ओजस्वी उपवन के पास,
उदयपुर-बांसवाड़ा रोड, सलूंबर एस ओ 313027, राजस्थान

ई-नीलामी द्वारा दृष्टिबंधक वाहन की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

नीलामी की सूचना इस बाबत् दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार केनरा बैंक, संबंधित शाखा ने नीचे उल्लेखित वाहन का कब्जा ले लिया है और इसे निम्नलिखित नियमों और शर्तों पर ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। M/s PSB Alliance Limited (Baanknet) जरिये वेबसाइट https://baanknet.com/;
नीलामी की दिनांक: 17.08.2026 को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक 5 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार के साथ।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	सम्पत्ति/वाहन का विवरण	कुल देयताएं	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि	शाखा नाम एवं सम्पर्क विवरण	नीलामी दिनांक एवं ईएमडी जमा की अंतिम तिथि
1.	मैसर्स गायत्री डिस्ट्रीब्यूशन, दुकान नंबर 3, खेतावत वाड़ी, चुंगी नाका, उदयपुर, राजस्थान 313027	Electric Auto- Three Wheeler -(Piaggio- Ape E Xtra FX NE Max PU)	रू.12,68,896.90 दिनांक 17.07.2026 तक बकाया	रू.1,51,200/- रू. 15,120/-	केनरा बैंक, सलूंबर संपर्क: 8742076568/ 8690222097, ईमेल: cb3596@canarabank.com	17.08.2026 14.08.2026 सायं 05 बजे तक

अन्य नियम और शर्तें: 1. वाहन 'जैसा है जो है, जिस स्थिति में है' बेचे जाएंगे, जिसमें भार शामिल होगा, यदि कोई हो। 2. नीलामी बिक्री वेबसाइट https://baanknet.com/ के माध्यम से ऑनलाइन (ई-नीलामी) होगी। 3. नीलामी में रखे गए वाहन का निरीक्षण इच्छुक बोलीदाताओं को कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, दिनांक 14.08.2026 को या उससे पहले साईट पर अनुमति दी जाएगी। 4. वाहन आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचे जाएंगे तथा भाग लेने वाले बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपनी बोली में सुधार कर सकते हैं, बोली की राशि में वृद्धि 2000/- रुपये के गुणांक में होगी। 5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां प्रस्तुत करने तथा ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://BAANKNET.COM/ पर जाएं। 6. कृपया सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance (Baanknet) हेल्पडेस्क नं. 7046612345/ 6354910172/ 8291220220/ 9892219848/ 8160205051 और ईमेल आईडी support.BAANKNET@psballiance.com पर तुरंत संपर्क करें, ठीक उसी दिन जिस दिन आपने EMD की राशि का भुगतान किया हो। सभी बोलीदाता को उक्त सेवा प्रदाता से डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने के लिए संपर्क करना होगा (यदि उनके पास वैध डिजिटल सिग्नेचर नहीं है)। 7. इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी (धरोहर राशि) मैसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (Baanknet) पोर्टल के E-Wallet में जमा करनी होगी, या उक्त चालान में दिए गए खाता विवरण के अनुसार RTGS/NEFT द्वारा खाते में जमा करनी होगी। यह कार्य दिनांक 14.08.2026 को कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाना है। 8. उपरोक्त उल्लेखित शेष बिक्री मूल्य (ईएमडी राशि के अलावा) सफल बोलीदाता द्वारा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से केनरा बैंक, सुलंबर शाखा का खाता संख्या 209272434, आईएफएससी कोड CNRB0003596 में भेजा जाना चाहिए। 9. ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए बोली फॉर्म की एक प्रति संलग्नक के साथ संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को भेजी जाएगी। 10. बिक्री सफल बोलीदाता के पक्ष में पुष्टि की जाएगी, बशर्ते कि प्रतिभूति लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि की जाए। 11. सफल बोलीदाता को सफल बोलीदाता के रूप में घोषित किए जाने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान किए गए ईएमडी सहित) जमा करना होगा और शेष राशि प्रतिभूति लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता ऊपर बताई गई अवधि के भीतर बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा की गई जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। 12. सभी परिवहन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क आदि, जो भी लागू हो, केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। 13. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए निविदा की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 14. इच्छुक बोलीदाता को आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की एक प्रति और अपना पहचान प्रमाण और निवास का प्रमाण जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की प्रति भी संलग्न करनी होगी। 15. यदि बिक्री राशि रू.50.00 लाख (पचास लाख रुपये) से अधिक हो, तो बिक्री मूल्य का 1% टीडीएस के रूप में देय होगा, जिसे सफल खरीदार द्वारा अलग से भुगतान करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, लागू जीएसटी भी सफल खरीदार द्वारा सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अलग से भुगतान किया जाएगा।

दिनांक: 27.07.2026 स्थान: सलूंबर
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक